# बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर।

## नियोजन संबंधी विज्ञप्ति

बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर के अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (टाईप III एवं टाईप IV) में स्वीकृत मानव बल के अनुसार अंशकालिक भाषा शिक्षिका, अंशकालिक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका, अंशकालिक विज्ञान एवं गणित शिक्षिका, अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया के पदों पर कर्मियों का नियोजन तीन वर्षों या योजना समाप्ति की अवधि, जो भी पहले हो, के लिए संविदा के आधार पर किया जाना है, जिसके लिए बिहार राज्य के योग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदकों का नियोजन क्रम संख्या 01 से 03 तक के पदों के लिए लिखित परीक्षा के आधार पर एवं क्रम संख्या 04 से 07 तक के पदों के अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

| क्र0 | पदनाम | रिक्ति वाले के0जी0बी0भी0 का नाम | आरक्षण कोटि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | वाछंनीय योग्यता | लिंग | के0जी0बी0भी0 में पदों की निर्धारित संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | टाईप III | टाईप IV |
| 01 | अंशकालिक भाषा शिक्षिका | हसनपुर, शिवाजीनगर, उजियारपुर, विद्यापतिनगर, वारिसनगर | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अनुसूचित जाति – 01 | स्नातक (हिन्दी / अंगेजी विषय में) | प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में 2 वर्षीय प्रशिक्षण / 02 वर्षीय D.El.Ed. / बी0 एड0, शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण एवं स्नातकोत्तर | महिला | 05 | – |
| 02 | अंशकालिक विज्ञान एवं गणित शिक्षिका | हसनपुर, शिवाजीनगर, उजियारपुर, विद्यापतिनगर, वारिसनगर | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अनुसूचित जाति – 01 | स्नातक (रसायन / भौतिकी के साथ गणित या जीव विज्ञान) | | महिला | 05 | – |
| 03 | अशंकालिक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका | हसनपुर, शिवाजीनगर, उजियारपुर, विद्यापतिनगर, वारिसनगर | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अनुसूचित जाति – 01 | स्नातक (इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति शास्त्र एवं समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान में किसी दो विषय में उत्तीर्ण, जिनमें एक विषय अनिवार्यतः इतिहास / भूगोल या गृह विज्ञान / मनोविज्ञान हो।) | | महिला | 05 | – |
| 04 | अनुसेवक | हसनपुर, शिवाजीनगर, उजियारपुर, विद्यापतिनगर, वारिसनगर | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अनुसूचित जाति – 01 | मैट्रिक उत्तीर्ण | – | महिला | 05 | – |
| 05 (क) | रात्रि प्रहरी / चौकीदार | हसनपुर, शिवाजीनगर, उजियारपुर, विद्यापतिनगर, वारिसनगर | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अनुसूचित जाति – 01 | मैट्रिक उत्तीर्ण | – | महिला / पुरूष | 05 | – |
| 05 (ख) | रात्रि प्रहरी / चौकीदार | विभूतिपुर, बिथान, दलसिंहसराय, खानपुर, पूसा, समस्तीपुर, सरायरंजन | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 01, पिछड़ा वर्ग – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अनुसूचित जाति – 01, आर्थिक रूप से कमजोर – 01 | मैट्रिक उत्तीर्ण | – | महिला / पुरूष | – | 07 |
| 06 | मुख्य रसोईया | विभूतिपुर, बिथान, दलसिंहसराय, खानपुर, पूसा, समस्तीपुर, सरायरंजन | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 01, पिछड़ा वर्ग – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अनुसूचित जाति – 01, आर्थिक रूप से कमजोर – 01 | पंचम / मैट्रिक उत्तीर्ण | – | महिला | – | 07 |
| 07 (क) | सहायक रसोईया | विभूतिपुर, बिथान, दलसिंहसराय, खानपुर, पूसा, समस्तीपुर, सरायरंजन | अनारक्षित – 04, अनारक्षित (महिला) – 02, पिछड़ा वर्ग – 01, पिछड़ा वर्ग (महिला) – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 02, अत्यंत पिछड़ा वर्ग(महिला)–01 अनुसूचित जाति – 01, अनुसूचित जाति (महिला) – 01, आर्थिक रूप से कमजोर – 01 | पंचम / मैट्रिक उत्तीर्ण | – | महिला | – | 14 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 (ख) | सहायक रसोईया | हसनपुर, शिवाजीनगर, उजियारपुर, विद्यापतिनगर, वारिसनगर | अनारक्षित – 02, अनारक्षित (महिला) – 02, पिछड़ा वर्ग – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग(महिला)–01 अनुसूचित जाति – 01, अनुसूचित जाति (महिला) – 01, आर्थिक रूप से कमजोर – 01 | पंचम/मैट्रिक उत्तीर्ण | – | महिला | 10 | – |

1. **आवेदन पत्र** : आवेदन पत्र विहित प्रारूप में ही मान्य होगा, जो समस्तीपुर जिला के एन0आई0सी0 के वेबसाईट www.samastipur.bih.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट www.ssasamastipur.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य प्रारूप में किए गए आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा।

2. आवेदक अनिवार्य रूप से बिहार राज्य के निवासी होगें।

3. **परीक्षा शुल्क** : अभ्यर्थियों से परीक्षा शुल्क के रूप में रू0 200/– की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी, जो वापस नहीं की जाएगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त अभ्यर्थियों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट BEPSSA, SAMASTIPUR के नाम से देय एवं भुगतान SAMASTIPUR होगा।

4. **आयु सीमा** : आवेदक की आयु दिनांक 01.08.2019 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु अनारक्षित (पुरूष) 37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/अनारक्षित (महिला) 40 वर्ष तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति 42 वर्ष होगा।

   वर्त्तमान में कार्यरत जो व्यवसायिक अनुदेशिकाएँ अंशकालिक शिक्षिका की योग्यता धारण करती हों, तथा उक्त पद पर कार्य करने को इच्छुक हों, उन्हे अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्षों की छूट दी जायेगी।

5. **शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक योग्यता** : अंशकालिक भाषा शिक्षिका, अंशकालिक विज्ञान एवं गणित शिक्षिका तथा अंशकालिक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका के पद पर प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में दो वर्षीय प्रशिक्षण/2 वर्षीय डी0एल0एड0/बी0एड0, शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षित एवं टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में सामान्य शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यर्थी के नियोजन पर विचार किया जाएगा।

   मुख्य रसोईया/सहायक रसोईया पद पर मैट्रिक उत्तीर्ण अभ्यर्थी की अनुलपब्धता की स्थिति में ही पंचम उत्तीर्ण अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।

   अनुसेवक/रात्रि प्रहरी को साईकिल चलाने का ज्ञान आवश्यक है।

6. लिखित परीक्षा 100 अंको की बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित होगी। लिखित परीक्षा की अवधि 1 घंटे की होगी। सभी प्रश्न स्नातक स्तर के होगें। अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

   अनुसेवक, रात्रि प्रहरी/चौकीदार, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया पद के लिए केवल 100 अंको की अंतर्वीक्षा ली जाएगी। अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

7. वार्डेन–सह–शिक्षिका, सभी अंशकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया को चौबीस घंटे छात्रावास में रहना होगा। लेखापाल, अनुसेवक एवं रात्रि प्रहरी अपने निर्धारित अवधि में प्रतिदिन छात्रावास के कार्यों का संपादन करेगें। कर्मियों को कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय से स्वेच्छापूर्वक सेवा त्याग की स्थिति में कम से कम एक माह की पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनसे एक माह का मानदेय वसूलनीय होगा।

8. **अनुलग्नक** :

- सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
- दो स्वपता लिखा लिफाफा, जिसमें रूपया 40–40 (चालीस–चालीस) रूपया का डाक टिकट सटा हो।
- चार (4) स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, जिसमें एक आवेदन पत्र पर चिपकाना (स्टेपल न करे) आवश्यक होगा।
- आरक्षण कोटि के अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

9. **सामान्य शर्त्तें** : आवेदन पत्र के उपरी लिफाफे पर **आवेदित पद का नाम** एवं **के0जी0बी0भी0 का टाईप** लिखना अनिवार्य है। लिफाफे पर आवेदित पद नहीं लिखने की स्थिति में आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। एक व्यक्ति से केवल एक ही पद के लिए आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

आवेदन विहित प्रपत्र (जो जिले की वेबसाईट www.samastipur.bih.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट www.ssasamastipur.in पर अपलोड है) में सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ निबंधित/स्पीड पोस्ट से निम्न पता पर स्वीकार किए जाएगें। आवेदन पत्र भेजने का पता : **जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान–सह–सदस्य सचिव, जिला नियोजन समिति, बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय, द्वितीय तल, शिक्षा भवन, तिरहुत एकेडमी के समीप, काशीपुर, जिला – समस्तीपुर, पिन – 848101, बिहार।** अन्य माध्यम यथा साधारण डाक, कुरियर अथवा हाथों हाथ भेजे गए आवेदन पत्र को अस्वीकृत/रद्द कर दिया जाएगा। विज्ञापन हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों तक प्राप्त किए जाएगें। परीक्षा से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी के लिए समस्तीपुर जिले की वेबसाईट www.samastipur.bih.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट www.ssasamastipur.in का अवलोकन किया जा सकता है।

10. किसी भी समय चयन/नियोजन प्रक्रिया एवं किसी अपरिहार्य कारणवश इस विज्ञप्ति को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा० शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान–सह–
सदस्य सचिव, जिला नियोजन समिति,
समस्तीपुर।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
–सह–अध्यक्ष,
जिला नियोजन समिति, समस्तीपुर।